GOOD NEWS : बिहार में होगी बंपर बहाली, शिक्षकों के 85 हजार पद खाली

बिहार में रिक्त पड़े शिक्षकों के 85 हजार से अधिक पदों पर जल्दी ही बहाली होने वाली है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अगले साल के मार्च तक इसकी प्रक्रिया पूरी कर लेनी है।

पटना [राज्य ब्यूरो]। नौकरी चाहिए तो घबराइए नहीं। बिहार में बंपर बहाली का मौसम आने वाला है। राज्य में शिक्षकों के रिक्त पड़े 85 हजार से अधिक पदों पर जल्दी ही बहाली होने वाली है। अगले साल मार्च तक इन पदों को हर हाल में भर लेना है।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार अब इसकी योजना पर अमल करने जा रही है। फिलहाल सरकार इस मंथन में जुटी है कि शिक्षकों के रिक्त पदों पर बहाली के लिए नए सिरे से शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) आयोजित की जाए या फिर 2011 में टीईटी पास शिक्षकों से रिक्त पदों को भरा जाए।

पढ़ें : मेधा घोटाले पर बोले CM नीतीश, भगवान ने हमें एक मौका दिया है सुधरने का

सरकार ने हाईकोर्ट को सौंपा रिक्तियों का विवरण

शिक्षा विभाग ने पिछले महीने सभी जिलों से शिक्षकों के रिक्त पदों का ब्योरा मांगा था। आदेश के मुताबिक जिलों ने शिक्षकों के रिक्त पदों का विवरण मुख्यालय भेज दिया है, जिसे सरकार ने हाईकोर्ट को भी मुहैया करा दिया है। कोर्ट ने सरकार से जानना चाहा था कि इन रिक्त पदों को भरने के लिए विभाग क्या करने जा रहा है? कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने बहाली की प्रक्रिया पर विचार शुरु कर दिया है।

पढ़ें : लड़कियों से दोस्ती को फेसबुक पर क्या-क्या करते लड़के... आप भी जानिए

बहाली के दो मॉडयूल पर मंथन

फिलहाल बहाली के दो मॉडयल पर मंथन हो रहा है। पहले मॉडयल के तहत विभाग 2011 में टीईटी पास शिक्षकों से पद भरने पर विचार कर रही है। शिक्षक बहाली का दूसरा माड्यूल दिसंबर तक नए सिरे से टीईटी की परीक्षा आयोजित कर बहाली करनी है। ऐसे में अगले साल मार्च-अप्रैल तक बहाली हो सकेगी।

मार्च 2017 तक की रिक्तियों का भी होगा आकलन

शिक्षा सूत्रों ने बताया कि शिक्षा विभाग की योजना है कि जिलों से यह जानकारी भी प्राप्त की जाए कि मार्च 2017 तक शिक्षकों के कितने पद रिक्त होने वाले हैं। बताया जाता है कि मार्च तक रिक्त पदों का आकलन कर उन्हें भी अब तक की रिक्ति में शामिल कर शेष पदों पर भी बहाली होगी।

शिक्षकों के रिक्त पद, एक नजर...

स्वीकृत पद - रिक्ती - कक्षा

324097 - 65800 - 1-5

45516 - 19658 - 6-8